कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, मधेपुरा।

पत्रांक :- मधेपुरा/दिनांकः-

प्रेषकः-

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल,मधेपुरा।

सेवा में,

नरसिंह कन्सट्रक्शन
वार्ड संख्या-16,
गंगजला,सहरसा।

विषयः- उदाकिशुनगंज प्रखंड अंतर्गत मंजौडा पंचायत में पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य में निर्देशो की अवहेलना एवं कार्य में लापरवाही बरतने के कारण डिबार करने के संबंध में।

प्रसंगः- अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,भवन निर्माण विभाग,बिहार पटना के ज्ञापांक-1333(भ),पटना,दिनांक-06.02.20 15,सहायक अभियंता भवन अवर प्रमण्डल उदाकिशुनगंज,मधेपुरा का पत्रांक-29,दिनांक-05.10.2026,इस कार्यालय के पत्रांक-1220,दिनांक-08.10.2026,सहायक अभियंता भवन अवर प्रमण्डल उदाकिशुनगंज,मधेपुरा का पत्रांक-33,दिनांक-28.10.2026 एवं इस कार्यालय के पत्रांक-1353,दिनांक-29.10.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विषयांकित निर्माण कार्य का सहायक अभियंता भवन अवर प्रमण्डल संख्या उदाकिशुनगंज,मधेपुरा एवं संबंधित कनीय अभियंता के द्वारा निरीक्षण किया गया।उक्त निरीक्षण के द्वौरान पाया गया कि छत ढलाई हेतु Prop में बॉस का प्रयोग किया जा रहा था, जबकि प्राक्कलन के अनुरूप स्टील प्रॉप का प्रयोग किया जाना अनिवार्य था। इसके अतिरिक्त बीम की शटरिंग की चौडाई में भी विसंगतियॉ पाई गई थी। उक्त त्रृटियों के निराकरण हेतु आपको प्रासंगिक पत्र के द्वारा एवं मौखिक रूप से भी निर्देश दिया गया था।

पुनः दिनांक-12.11.2026 को अधोहस्ताक्षरी एवं सहायक अभियंता के द्वारा विषयांकित निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया,जिसमें आपको पूर्व में दिए गये निर्देशों का अनुपालन नही किया गया। इस संबंध में आपको दुरभाष पर इसकी जानकारी दी गई तो आपके द्वारा अमर्यादित एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए अनुचित व्यवहार किया गया।इससे स्पष्ट होता है कि आपके द्वारा कार्य के प्रति धोर उदासीनता,लापरवाही एवं आदेशों की अवहेलना की जा रही है।

अतः आपका उक्त कृत्य एकरारनामा की शर्तो एवं विभागीय कार्यप्रणाली के प्रतिकूल है, जिसके कारण आपको डिबार किया जाता है।

विश्वासभाजन

ह०/-

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल,मधेपुरा।

ज्ञापांक- 1393 भ/मधेपुरा,दिनांक- 13-11-26

प्रतिलिपिः- अधीक्षण अभियंता भवन अंचल सहरसा/मुख्य अभियंता (उत्तर) भवन निर्माण विभाग को सूचनार्थ समर्पित।

ह०/-

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल,मधेपुरा।

P.T.O

ज्ञापांक- 1363 भ/मधेपुरा,दिनांक- 13-11-26

प्रतिलिपिः- आई०टी० मैनेजर,भवन निर्माण विभाग,बिहार पटना को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/11/26

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल,मधेपुरा।

13.11.26